‘‘अरे अंदर की खबर है फिक्र मत कर अपनी वेश्या के साथ जा रहा है अय्याशी करने उसके ही चेले ने बताया है ..’’

बलवीर के कान उनकी बात से खड़े हो गए ,वो अपनी गाड़ी उठाकर वँहा से चला गया.उसके जाते ही वो एक दूसरे को देखने लगे

‘‘साले ने सुना की नही ..’’

‘‘फिक्र मत कर उसके चेहरे से ही लग रहा था की उसने सुन लीया है ..’’

युवराज के गाड़ी के आगे तीन गड्डीया चल रही थी. जिनमे से दो तो उन गुंडों के थे जिन्हें संग्राम ने बुलाया था और एक था बलवीर वो सबसे पीछे चल रहा था.वही गाड़ी के सामने 2 और गड्डीया थी.सभी गुंडे एक दूसरे से वायरलेस की मदद से बात कर रहे थे.वही उनके साथ वायरलेस की मदद से जुड़ा हुआ संग्राम भी पल पल की खबर ले रहा था ……

युवराज की गाड़ी जंगल में मुड़ने से सभी घबरा गए क्योकि सब ने सोचा था की वो फुलवा को फार्महाउस ले जाने वाला है …

सभी उसके पीछे लग गए और जब उनकी गाड़ी रुकी तो वो भी कुछ दूर में ही रुक गए.उन लोगो को ये भी पता था की बलवीर भी उनके पीछे है ,बलवीर गाड़ी एक कोने में लगाकर देखने लगा लेकिन जब उसने देखा की युवराज फुलवा के ऊपर पिस्तौल ताने खड़ा है तो वो दौड़ा …

‘‘हमारी क्या जरूरत ये तो ठाकुर का बेटा ही उसे मारने पर तुला है ‘‘

एक आदमी ने वायरलेस से पूरी बात संग्राम को बतलाई ..

‘‘चलो अच्छा ही हे... हमारे हाथ गंदे नही होंगे ‘‘संग्राम भी मुस्कुराया और अगले ही पल…

‘‘युवराज नही …’’

दौड़ता हुआ बलवीर फुलवा की ओर आ रहा था.बलवीर को देखकर युवराज और भी घबरा गया और पिस्तौल से गोली चला दी जो सीधे जाकर फुलवा के सीने में लग गई.खून की धार फुट पड़ी और बलवीर स्तब्ध सा बस उसके गिरते हुए ब देख रहा था. बलविर ने दौड़कर फुलवा को संभाला …

अब भी फुलवा के होठो में मुस्कान थी.. वो प्यार से बलवीर के गालो को सहला रही थी ,...

युवराज स्तब्ध खड़ा हुआ था.

संग्राम वायरलेस में चिल्लाया ..

‘‘सालो देख क्या रहे हो युवराज को वँहा से बाहर निकालो वरना बलवीर उसे मार डालेगा ..फायर करो ‘‘

वो लोग तेजी से सक्रिय हुए और युवराज को खिंचते हुए अपनी गड्डी में बिठा लीया …

‘‘मादरठोक रुक …….’’

बलवीर उनके पीछे दौड़ने को हुआ लेकिन गोलीयां चलने लगी और फुलवा ने बलवीर का हाथ थाम लीया ..

‘‘मुझे छोड़कर मत जाओ बलवीर ..’’

बलवीर रुका और देखते ही देखते फुलवा की आंखे बन्द हो गई .....रह गई तो बस बलवीर की चीखे जो पूरे जंगल को दहला रही थी ………

“हैल्लो हल्लो काम हो गया.युवराज की गोली से फुलवा मारी गई ,लेकिन बलवीर की हालत ठीक नही है ,...”

एक दूसरा जासूस वायरलेस से संग्राम से बात कर रहा था..

“कोई बात नही वो ठीक हो जाएगा ,युवराज को कुछ दिनों के लिये छिपाना पड़ेगा ,तुम आ जाओ और किसी के नजर में मत आना ..”

संग्राम ने अमरीश को देखा जो उसकी बात सुन रहा था.आज अमरीश के चेहरे में वो खुशी थी जो पहले कई दिनों से कभी नही आयी थी …

युवराज को कही छिपा दिया गया था ताकि वो बलवीर के कोप से बच सके.लेकिन बलवीर का भी कोई पता नही चल पा रहा था…

इधर जंगल मे ....

हरिया जंगल के अपने ठिकाने में बेचैनी के साथ घूम रहा था. होशियार सिंग और शंभु भी बेचैन लग रहे थे ..

कुछ देर के इंतजार के बाद उन्होंने किसी के आने की आहट सुनी और सामने जो था उसका चेहरा देख कर हरिया और झाबु दोनों ही झूम उठे …

“बापू ...मा…..”

फुलवा दौड़ाते हुए जाकर दोनों से लिपट गई थी ,आज उसने पहली बार इन्हें सामने से देखा था. दोनों ही अपनी बेटी को जितना प्यार दे सकते थे दे रहे थे.साथ ही आया बलवीर भी अपने आंखों में पानी लिए सब कुछ देख रहा था और फिर आयी चंपा जिसे देखकर बलवीर और फुलवा का मुह ही खुल गया…

“ये तो बिल्कुल मेरी तरह ही दिखती है …”फुलवा तुरंत अपनी बहन के गले से लग गई ,

“हा बस एक अंतर है इसके ठोड़ी में ये तीन बिंदिया बनाई गई है जिसे सरदार ने बचपन में ही बनवा दिया था..”

पूरा परिवार फिर से मिल चुका था ,सभी खुश थे तभी हरिया एक आदमी की तरफ मुड़ा

“अरे भवानी जा जाके ठाकुर को बता दे की मेरी बेटी अब मेरे साथ है.उसका सपना अधूरा का अधूरा ही रह गया लेकिन अब मेरा सपना पूरा होगा.ठाकुर की मौत का सपना …”

हरिया जोरो से हँस पड़ा था ………

कहने के लिए भवानी ठाकुर का जासूस था लेकिन उसे जासूस हरिया ने ही बनवाया था.ठाकुर उसे पैसे देता था हरिया की जासूसी करने के लीये और वो हरिया का ही एक वफादार था.

हवेली के अंदर का दृश्य.....

संग्राम और ठाकुर इस वाकये से बौखला गए थे,

"आखिर ये हुआ कैसे .."

अभी तक उन्हें कुछ समझ नही आ रहा था की आखिर युवराज ने जब फुलवा को मार दिया था.तो वो जिंदा कैसे बची. वही संग्राम इस चिंता में था की उसका बेटा भी फुलवा के प्यार में पड़कर अब उसे ही धोखा दे गया.

"ठाकुर साहब ये फुलवा की ही चाल थी.जब युवराज फुलवा को सिनेमा हॉल ले गया था तब भी वो अपने प्लान में काम कर रहे थे.वंहा बलवीर हरिया के एक आदमी से मिला था और उसे फुलवा की योजना समझाया था .युवराज तो फुलवा से अय्याशी करने में ही व्यस्त था. आखीर फुलवा ने युवराज को भड़का दिया ताकि वो उसे मारने की सोचे ,बलवीर ने उसके पिस्तौल में नकली गोलीयां डाल दी थी .रही सही कसर हमने उन दोनों को बाहर भेज कर पूरी कर दी ...."

भवानी की बात से ठाकुर बुरी तरह से बौखला गया था ,वो संग्राम की ओर ही देख रहा था ..

"तुम्हारे खून ने तो अच्छा धोखा दिया हमे "

संग्राम क्या कहता लेकिन उसकी आंखे नीची नही हुई थी ...

"ठाकुर साहब हमारे खून में ही वफादारी है.जैसे मैं आपके लिए वफादार हु वैसे ही मेरा बेटा उस फुलवा के लिए वफादार है.उसने अपनी वफादारी निभाई और मैंने अपनी.लेकिन मुझे लगता है की अब मैं और ये काम नही कर पाऊंगा .मैं आपके लिए किसी की जान ले सकता और अपनी जान दे भी सकता हु लेकिन .....लेकिन मैं अपने बेटे की जान कैसे लूंगा.अब तो वो भी हरिया गिरोह का एक सदस्य बन गया है "

ठाकुर ने जीवन में पहली बार संग्राम की आंखों में आंसू देखे थे ..

‘‘तुम मेरे लिए आज भी उतने ही मूल्यवान हो संग्राम ,अगर तुम भी मेरा साथ छोड़ दोगे तो मैं टूट ही जाऊंगा ‘‘

ठाकुर का अहंकार जैसे आज टूट सा गया था.लेकिन संग्राम ने जैसे फैसला कर लीया हो ..

‘‘मुझे माफ कर दीजिए ठाकुर साहब.मैं अपनी बाकी की जिंदगी चैन से गुजरना चाहता हु .इन सब से दूर .मैं अपने ही बेटे को मारने की साजिश में अपनी बाकी जिंदगी नहई गुजार सकता.आपने मुझपर बहुत भरोसा किया है.मुझे जानकर अच्छा लगा की आप की नजरो में मेरी इतनी कद्र है लेकिन ...लेकिन मुझे माफ कीजिये ‘‘

ठाकुर संग्राम को रोकना तो चाहता था लेकिन संग्राम के फैसले के सामने वो भी मजबूर हो गया था.वो अपना सबसे अच्छा सिपहसालार को खो रहा था ……….

वर्तमान में....

“हम्म्म फिर संग्राम गया कहा “सुमित के मुह से अचानक ही निकल गया

“कोई नही जानता.सिवाय बलवीर के लेकिन उसने कभी किसी को नही बताया की संग्राम आखिर गया कहा .शायद वो अपनी बाकी की जिंदगी चैन से जीना चाहता था ,”

“यानी बलवीर से वो फिर से मिला ???”

“सुना है एक बार उसने बलवीर को अपने पास बुलाया था. लेकिन उन दोनों में क्या बातचीत हुई और वो कहा गया था ये किसी को नही पता “

त्रिवेदी की बात से सुमित को सकून मिला ..

“फिर फिर क्या हुआ ..?”

त्रिवेदी के चेहरे में सुमित के उत्तेजना को देखकर एक मुस्कान आ गई

“वही जो नियति को मंजूर था. ठाकूर बौखला गया था. और हरिया के पीछे पड़ गया था. वही उसने लतिमा की मदद से चंपा ,फुलवा और बलवीर को इन सबसे दूर शहर भेज दिया.हरिया के पास यही समय था की ठाकुर पर पूरे जोर से प्रहार किया जाए क्योकि उसके पास संग्राम अब नही था. दोनों की लड़ाई तेज हो गई लेकिन नसीब को कुछ और ही मंजूर था. ठाकूर को पता चल गया की भवानी असल में उसकी नही हरिया की जासूसी करता है और इसी का फायदा उठा कर वो हरिया के ठिकाने तक पहुच गया.हरिया मारा गया साथ ही झाबु भी..... पूरा गैंग ही तबाह हो गया …”त्रिवेदी ने एक गहरी सांस ली

“फिर ..”सुमित की उत्सुकता और भी बढ़ गई थी …

“फिर …….फिर फुलवा और बलवीर वापस आये ..”त्रिवेदी के होठो में एक मुस्कान थी ….

उतने मे चंपा की आवाज आयी ..“अब आप लोग अंदर आ जाइये रात बहुत हो गई है “

त्रिवेदी बिदा लेकर अपने घर जा चुका था..और सुमित अब चंपा की बांहों में था…

“तुमने मुझे कभी बताया नही की तुम शहर में रहती थी “

“हा मेरी पढ़ाई वही हुई थी.ठाकुर से बचने के लिए बाबूजी ने मुझे शहर भेज दिया था. लेकीन जब बाबूजी को ठाकुर ने मार दिया और फुलवा और बलवीर वापस आ गए तो मेरा शहर में रहना भी दुर्भर हो गया...ठाकुर के आदमी हमे सभी जगह तलाश कर रहे थे,वो तो मुझे भी मार ही देते लेकिन तुमने मुझे बचा लीया “

चंपा की बात सुनकर सुमित थोड़ा चौक गया ..

“क्या??...क्या कहा...? मैंने बचा लीया ...?“

इस बार चंपा मुस्कुराई

“ठाकुर को पता था की मैं किसी जंगल के सरदार के पास नही बल्कि शहर में रहती हु और अपनी पढ़ाई कर रही हु,मैं गीता(लतिमा की बेटी) के ही कालेज में थी.इधर चंपा का आतंक फैल रहा था और वही ठाकुर को मेरी कोई सुध नही थी की हरिया की कोई दूसरी बेटी भी है.मैंने मुम्बई से अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की और ..”

“वाट द फक ...तुम ...तुमने इंजीनियरिंग की है ..”

ये ऐसे था जैसे सुमित के सर पर किसी ने कोई बम्ब फोड़ दिया हो , सुमित जिसे आजतक इस जंगल की भोली भाली लड़की समझ रहा था वो तो मॉर्डन लड़की है ..

सुमित अपना सर पकड़ कर खड़ा हो गया था लेकिन चंपा घबराई नही बल्कि सिर्फ मुस्कुराती रही ..

“तुमने मुझे ये सब पहले क्यो नही बताया ..??” सुमित विस्मित होकर बोल उठा

इस बार चंपा के चेहरे में एक फिक्र और चिंता के भाव थे

“इसी डर से की कही तुम मुझे छोड़कर ना चले जाओ.फुलवा ने अपनी चाल चल दियी थी.तुम्हारे आने के पहले से ही ये सब शुरू हो गया था.ठाकुर को पता चल गया था की मै शहर मे पढाई कर रही हु.वंहा मेरी जान को खतरा होने लगा था. लेकिन ठाकुर को चकमा देने के लिए फुलवा चाहती थी की मैं ये देश छोड़कर निकल जाऊ.ये सब हो पाता लेकिन उससे पहले ही उस इंस्पेक्टर का खून हो गया और तुम उसकी जगह आ गए.दीदी ने तुम्हे आजमाने की सोची और बलवीर के कहने पर तुमसे मिलने गई.याद है जब तुम पहली बार फुलवा से उस झील में मिले थे …”

“बलवीर के कहने पर ???” सुमित फिर से थोडा आश्चर्य में था..

“हा फुलवा किसी पर यू ही भरोसा नही कर लेती.उसने तुम्हे आजमाया लेकिन उससे गलती हो गई.वो तुम्हारे प्यार में पड़ गई. उसे तुम बहुत अच्छे लगे लेकिन तुम उसे चंपा ही समझते रहे और वो भी आगे बढ़ गई.उस दिन जब तुम दोनों शहर के दुकान में गए थे.. तो तुम्हें युवराज मिल गया और ठाकुर ने तूम दोनों को बचा लीया.क्योकि वो भी जानता था की अगर फुलवा वंहा है तो उसके बेटे को भी वंहा खतरा होगा.तब तक तुम्हारे साथ मैं नही बल्कि फुलवा ही थी.

लेकिन इन सबमे फुलवा के सामने एक सवाल लाकर खड़ा कर दिया था की उसे किसे चुनना है.अपने प्यार को या फिर उस लक्ष्य को जिसके लिए उसने अपनी जवानी अपना चैन सुख सब कुछ कुर्बान कर दिया था. और फुलवा ने फैसला ले लीया.उसने अपने लक्ष्य को ही चुना…...उसने इसके लिए मुझे फिर से वापस बुला लिया.ये बात ठाकुर को भी पता चल गई थी और वो इससे और भी ज्यादा परेशान हो गया. क्योकि वो जानता था की अगर उसने फुलवा समझ कर मुझे मार दिया तो बड़ी गड़बड़ हो जाएगी.

उसने भी एक प्लान बना रखा था उसने तुम्हे खरीदने की कोशिश की वो जानता था की तुम चंपा के कितने करीब हो ,और फुलवा को पकड़ने के लिए अपना जी जान लगा दोगे इसलिए उसने मेरी तरफ से ध्यान भी हटा लिया.तो तुमने ही मुझे बचाया ना ..”

इस बार सुमित का दिमाग हिल गया था.सुमित अपना सर पकड़े हुए बैठा हुआ था. उसके आंखों में दुख था आंसू थे , वो अपने आप को किसी बेवकूफ की तरह महसूस कर रहा था …

“तो तुम दोनों ने मिलकर मेरा इस्तेमाल किय.और तुम..तुमने तो बस मुझसे प्यार का दिखावा किया बस ..”

चंपा आकर उसके बाजू में बैठ गई …

“सच कभी कभी कड़वा होता है सुमित.लेकिन मेरी बात का विस्वास करो की फुलवा और मैंने दोनों ने ही तुमसे बेहद प्यार किया है.तुम जानते हो की हमारी आंखे कभी गलत नही थी ...हा जब मुझे बुलाया गया था तब मैं बस एक खेल खेलना चाहती थी. फुलवा की मदद करना चाहती थी.याद है जब तुम मेरे झोपड़े में आये थे शराब पीने के लिए.मैंने उस दिन तुम्हे पहली बार देखा था.तुम्हे महसूस किया था.

ये हमारा ही प्लान था की तुम मेरे नजदीक ना आ पाओ इसलिए फुलवा ने गोली चलवा दी और तुम उसे ढूंढने जंगल में चले गए.लेकिन यकीन मानो वो आखिरी बार था जब फुलवा तुम्हारे साथ थी.क्योकि मैं भी तुम्हारे प्यार में पड़ चुकी थी और फुलवा ने ये कुर्बानी भी दे दी.तब से तुम्हारे साथ बस मैं ही थी.हमने ही एक दूजे को अपना प्यार दिया और आज भी मैं तुमसे बेहद मोहोब्बत करती हु …”

सुमित को पता था की उसे बेवकूफ बनाया गया था.लेकिन वो इस बात से इनकार नही कर सकता की चाहे वो फुलवा हो या चंपा उन्होंने सुमितसे प्यार तो बेपनाह किया था.इनकी आंखे कभी झूट नही बोलती थी ,किसी की भी नही बोलती बस पढ़ने वाला होना चाहिए ..

सुमित अपने ही दुनिया में गुम था.“ये सब तुमने आखिर किया कैसे ???”

“कुछ लोग है जो हमारी मदद कर दिया करते है ,मेरे पिता जी और फुलवा के चाहने वाले.वो दोनों ही डकैत थे लेकिन ...लेकिन उन्होंने अच्छाई के लिए हथियार उठाये थे कभी गरीबो और मजबूरों को परेशान नही किया.उनके कारण कई बच्चे अपनी जिंदगी अच्छे से जी पा रहे है ,अच्छे कालेजो में पढ़ रहे है और अच्छी नॉकरिया भी कर रहे है ,कभी कभी ये सब हमारी मदद कर देते है “

चंपा का चेहरा शांत था. सुमित को एक अलग ही चंपा दिख रही थी. उसने अपने होठो को उसके होठो से मिला दिया ..

“एक बात पुछु चंपा...."सुमित ने कहा

"हा ! पूछो ..."

"फुलवा और बलवीर कहा है ,अभी तक उनकी बॉडी नही मिली कही वो दोनों अभी भी …”जो कीड़ा सुमितके दिमाग में इतने दिनों से हलचल मचाये था आखिर वो बाहर आ ही गया

चंपा जोरो से हँस पड़ी …“तुम रहोगे पुलिस वाले ही “

“क्या करे मेडम काम है अपना ..”

“ओह तो अपना काम कीजिये इंस्पेक्टर साहब ,खुद पता लगाइए की आखिर वो है कहा “

“मतलब की दोनों अभी भी जिंदा है “

“यह तो बस भगवान को पता हे ..”

चंपा सुमित की गोद में बैठते हुए बोली. उसने अपने होठ सुमित के होठो से मिला दिए ……...

समय बीतता जा रहा था , सुमित चंपा से शादी करना चाहता था. लेकिन उसने फुलवा को वचन दिया था की ठाकुर को उसके किये की सजा देगा. लेकिन ठाकुर के खिलाफ कोई भी सबूत ही हाथ नही लग रहा था. ठाकूर भी उसका तबादला कही दूसरी जगह करना चाहता था लेकिन नही कर पा रहा था.

‘‘चंपा तुम इन झंझट से दूर क्यो नही चली जाती ,मैं भी अपना काम खत्म करके वही आ जाऊंगा दोनों वही सेटल हो जाएंगे’’एक दिन सुमित ने उसे कह ही दिया

" इन्स्पेक्टर सुमित जी पहले मुझे अपनी बीवी बनाइये फिर मैं कही जाऊंगी,तुमसे शादी किये बिना मैं तुम्हे नही छोड़ने वाली ‘‘चंपा की बात सुनकर सुमित थोड़ा उदास हो गया

‘‘क्या करू समझ से परे है ,ठाकुर मेरे सोच से कही ज्यादा चालाक है.बेटे के मर जाने के बाद ऐसे तो वो टूट सा गया है लेकिन अभी भी उसकी पहुच बाकी है.हमने उसके गलत कामो को बंद तो कर दिया लेकिन उसके खिलाफ कोई ऐसा सबूत नही जुटा पाए की उसे कोई सजा मील सके ‘‘

‘‘तो तुम सच में उस कसम को लेकर सीरियस हो ‘‘चंपा सुमित आंखों में देख रही थी …

‘‘बहुत ज्यादा …’’

‘‘तो तुम्हरे पास समय है जितना तुम लेना चाहो। मैं कही नही जा रही तुम्हे छोड़कर.ठाकुर ने मेरे पिता और मेरे मा को मार डाला लेकिन मेरे दिल में कभी उसके लिए बदले की भावना नही उठी.लेकिन फुलवा ने अपनी जिंदगी लगा दी.मैं उसके जैसी नही हो सकती लेकिन मैं उसकी इज्जत करती हु.उसका सपना पूरा करो सुमित मैं तुम्हारी ही हु.और तुम्हारी बीवी बनने के लिए कई जन्मों तक इंतजार कर सकती हु ‘‘

चंपा की आंखों में हल्की नमी थी.... लेकिन होठो पर एक प्यारी सी मुस्कान थी....

“ये क्या कह रहे हो त्रिवेदी जी “

“सच कह रहा हु सर वो खुद आपसे मिलने आने वाला है “

त्रिवेदी की बात सुनकर मैं सोच में पड़ गया था लेकिन मैंने एक गहरी सांस ली

“ठिक है आने दो उसे देखते है क्या कहता है ..”

ठाकुर अमरीश मुझसे मिलना चाहता था.और मुझसे मिलने खुद आ रहा था क्या बात है.लेकिन क्यो...बहुत जोर लगाने पर भी मुझे कुछ समझ नही आया ….

अमरीश आकर मेरे सामने बैठ गया …….

“कहिए ठाकुर साहब आखिर हमे आज कैसे याद किया अापने “

मेरी बात सुनकर उसके होठो में एक फीफी की मुस्कान आई

“सुमित जो हुआ वो तो हो गया लेकिन अब मैं अपने किये पर शर्मिंदा हु.मैंने अपने भाई को खो दिया.अपने बेटे को खो दिया.मेरी बीवी मुझसे सालों से बात नही करती.इतने धन दौलत का मैं करू तो क्या करू.सब जैसे अब मुझे मिट्टी से लगने लगे है …

मैंने पूरी जिंदगी सिर्फ दौलत और ताकत कमाने में लगा दी सुमित.अब मैं सकून की जिंदगी जीना चाहता हु. इन सब लफड़ो से दूर …

मेरी बात से ये मत समझना की मैं तुम्हारे पास अपने को कानुन के हवाले करने आया हु.नही मैं आज तक पुलिस के हत्थे नही चढ़ा आगे भी नही चढूंगा.क्योकि मेरे पहले किये बुरे कामो का कोई सबूत है नही और अब मैंने सारे बुरे काम खुद ही खत्म कर दिए है …

मैं यंहा तुम्हे आमंत्रण देने आया हु .मैं एक नई शुरुवात करना चाहता हु.इसलिए घर में एक पूजा रखी है जिससे मेरे बेटे की आत्मा को भी शांति मिले.तुम्हे और चंपा को आना ही है ...अगर तुम आओगे तो मुझे और कुसुम को अच्छा लगेगा..”

मैं ठाकुर को देखता ही रहा ...वो थोड़ी देर रुका और फिर बोलने लगा

“कुसुम ने हमेशा ही फुलवा और युवराज को अपने बच्चों की तरह प्यार किया है.ये उसके लिए बड़े ही दुख की घड़ी है,वो चाहती थी की एक बार फुलवा से मिल पाए,शायद चंपा के रूप में उसे फुलवा दिख जाए …”

वो मुझे नमस्कार करता हुआ एक कार्ड देकर चला गया साथ ही त्रिवेदी जी को भी एक कार्ड दिया था …..

मैं और त्रिवेदी जी एक दूसरे को ही देख रहे थे,आंखों ही आंखों में एक दूजे को ये पूछ रहे थे की जाए की नही …

“ठाकुर ने जो भी किया हो लेकिन हमे कुसुम मौसी के लीया वंहा जाना चाहिए .उन्होंने फुलवा को दिल से प्यार किया था. अपणी बच्ची की तरह उसकी हिफाजत की और उनके ही कारण तो मा और बुआ ठाकुर के चुंगल से निकल पाई .हम इतना कुछ कैसे भूल सकते है …”

ठाकुर के आमंत्रण की बात का पता चलते ही चंपा भावुक हो गई थी …

थोड़ी देर बाद ही मुझे पता चला की ठाकुर ने कुछ धर्मराज,गीता और डॉक्टर बॅनर्जी को भी निमंत्रण दिया है...उसके साथ कुछ वीआईपी लोग भी आ रहे थे …

आखिर हम सबने जाने का फैसला कर लीया ……

चंपा मेरी चंपा इतनी खूबसूरत थी ,वो एक लाल रंग की साड़ी में किसी अप्सरा से कम नही लग रही थी.उसकी पतली झालरदार साड़ी उसे कसे हुए जिस्म में कसी हुई थी .कमर में एक चांदी का कमरबंध लटक रहा था.उसकी नाभि के पास पेट का हिस्सा पूरी तरह से दर्शनीय था.पतली कमर और चौड़ी नितंब वाली मेरी जान के गोरे गोरे जिस्म जो की उस लाल साड़ी की लालिमा से झांक रहे थे और मुझे दीवाना बना रहे थे.

उसकी लाल साड़ी के किनारों पर नक्कासी की गई थी.हाथो का वर्क था जो की हरे पट्टी के ऊपर किया गया ही उसने लाल रंग का ही ब्लाउज पहन रखा थी. साडी पतली थी और ब्लाउज खुले हुए गले का यह किसी भी मर्द के दिल की धड़कनों को बढ़ाने के लिए काफी था. और उसके साथ उसका वो मादक जिस्म …..

उसने हल्के हल्के अपने गले के पास कुछ इत्र का छिड़काव किया जिससे कमरे में हल्की गंध झूम उठी साथ ही मेरा दिल भी ,मैंने उसे पीछे से पकड़ लीया था ,वो कसमसाई तो उसके हाथो की चूड़ियां खनक उठी……..

लाल हरे रंग की चूड़ियां कुछ चमकीले चूड़ियों के साथ पहने गए थे,मैंने उसके हाथो को अपने हाथो में ले लिया.उसकी हर चीज आज गजब की थी……

“कहर ढाने का इरादा है क्या ??”

मैं किसी सम्मोहन के आवेश में आकर बोल उठा..

“कहर ..??? आप के सिवा किसपर कहर बरसाउंगी ,”

उसने अपने निचले होठो को अपने दांतो से हल्के से कांटा ..और शरमाई मैंने उसे अपनी ओर पलटा लीया था ,उसके सीने मेरे सिनो में धंस गए

“ओह तो मेरी रानी मुझपर ही कहर बरसा रही है..”

मैंने उसके गले को चूमना चाहा लेकिन उसने अपना गला घुमा लीया फिर भी मेरे होठ का गीलापन उसके गले में जा चिपका ..

वो फिर से मचली

“ओहो छोड़ो ना पूरा खराब कर दोगो …”

“अरे जान खराब करने के लिए ही तो सजी हो ..”

मैंने थोड़े और जोर से उसे अपनी ओर खींचा

“हटो पूजा के बाद घर आकर पूरा खराब कर लेना अभी तो हटो ..”

उसने मुझे धक्का दिया और मैंने उसे छोड़ दिया

“तो पूरी शाम बस मुझे तड़फाना पड़ेगा “

मेरी बात सुनकर वो हँस पड़ी

“थोड़ी सी तड़फन भी अच्छी होती है बाबू…सुना नही है क्या इंतजार का फल मीठा होता है…अब चलो जल्दी से तैयार हो जाओ ,फूफा जी और गीता भी आते ही होंगे “

“ओहो जिजाजी मैंने सुना था की लडकिया तैयार होने में टाइम लगती है लेकिन पहली बार देख रही हु की बीबी तैयार बैठी और और पति देव तैयार होने में लेट हो गए .. वैसे हैंडसम लग रहे हो “

मेरे कमरे से निकलते ही गीता की आवाज आई ,वो लोग आ चुके थे ..

“अरे यार काम में फंस गया था ..”

ठाकुर के घर पूजा में सभी जाने पहचाने चेहरे आये हुए थे.शहर से डॉक्टर बनॅर्जी और उनकी सेकेट्री मेरी भी पधारी थी.त्रिवेदी जी भी आये हुए थे.प्रदेश के मुख्यमंत्री और गहृमंत्री भी आये हुए थे.पुलिस विभाग के कई अधिकारी मुझे वंहा मिल गए,ठाकुर जैसे अपने गुनाहों को साफ कर सभी से अच्छे रिश्ते बनाना चाहता था. वो सभी से अच्छे से मिल रहा था.मैंने अपने जीवन में उसे इतना नम्र कभी नही देखा था. साथ ही उसकी बीवी कुसुम भी थी …...जब हम अंदर आये तो कुसुम हमारे पास आ गई और चंपा को देखते ही उसकी आंखों में आंसू आ गए ..

वो बार बार चंपा के गालों को सहला रही थी ,तो कभी वो गीता पर भी अपना प्यार बरसाती ,गीता और चंपा की भी आंखे गीली थी …..

मैंने इस हवेली के बारे में बहुत कुछ सुना था. आज उसके अंदर आकर देख भी रहा था.मैंने गौर किया जितना मैंने सोचा था ये उससे कही बड़ी थी.मुझे याद आया की कैसे इसी हवेली में फुलवा बड़ी हुई थी.उससे पहले कुसुम को हरिया ने इसी हवेली में प्राप्त किया था.इसी हवेली के किसी कमरे में झाबु और लतिमा को बंदी बनाया गया रहा होगा...मैं पूरी हवेली को ध्यान से देख रहा था तभी मेरे पास धर्मराज और डॉक्टर आकर खड़े हो गए ..

“क्या देख रहे हो सुमित ,”धर्मराज ने कहा

“कुछ नही फूफा जी बस ..”

“ह्म्म्म इसी हवेली में मेरा बचपन बिता और मैं यही जवान हुआ...इसी हवेली में मुझे मेरी लतिमा मिली “

धर्मराज ने एक गहरी सांस छोड़ी जैसे पुरानी यादों को वो बहुत याद कर रहा हो

तभी मुझे हवेली के छत पर कोई इंसान की परछाई दिखाई दी …

“वंहा इस वक्त कौन होगा “अंधेरे के कारण मुझे साफ साफ कुछ नही दिख रहा था.लेकिन मुझे इतना तो यकीन था की कोई व्यक्ति छत पर घूम रहा होगा ..

धर्मराज और सुमित दोनों भी उस ओर देखने लगे....

‘‘होगा कोई हवेली का ही नॉकर ,यंहा बहुत से लोग काम करते है ‘‘
धर्मराज बोल उठा ………..

पूजा खत्म हो चुकी थी कई मेहमान भी जा चुके थे.कुसुम और ठाकुर के विशेष अनुरोध पर कुछ लोग ही रुके हुए थे.सभी बड़े से हाल में बैठे बाते कर रहे थे.मर्दों के लिए शराब की व्यवस्था की गई थी.वही औरते आपस में ना जाने क्या बात करने में बहुत ही व्यस्त दिख रही थी …

डॉक्टर,मेरी ,मैं ,धर्मराज ,गीता ,त्रिवेदी के अलावा ठाकुर का एक अजीज दोस्त मंत्री चौहान रुके हुए थे ..

“धर्मराज मैं चाहता हु की तुम बिटिया के साथ फिर से हवेली में आ जाओ “

पेग लगाते हुए ठाकुर अमरीश बोल उठा. धर्मराज बस अवाक उसके चेहरे को देखने लगा जैसे उसे यकीन ही नही हो रहा था की उसे कोई ऐसा कुछ कहेगा …

“तुम मेरे छोटे भाई हो और मैं हमेशा से ही तुमसे बेहद ही प्यार करता हु …”

धर्मराज कुछ भी नही बोल पाया बस उसके आंखों में आंसू ही थे …

थोड़ी देर बाद सभी ने मिलकर खाना खाया. रात बहुत हो चुकी थी हम जाने वाले थे लेकिन ठाकुर ने हमे फिर से रोक लीया.उसके हाथ में एक लड्डू का पैकेट था…

“बातों बातों में हम प्रसाद लेना तो भूल ही गए “अमरीश के होठो में एक मुस्कान थी. सभी का उसपर ध्यान गया

“लाओ मैं बांट देता हु “

मंत्री चौहान ने उसके हाथो से वो पैकेट ले लीया और सभी को बांटने लगा.सभी ने बारी बारी से वो लड्डू खा लीया था अंत में वो ठाकुर के पास पहुचा.सभी की आंखे उस समय ठाकुर के ऊपर जम गई जब चौहान ने अमरीश को लड्डू नही दिया बल्कि हम सभी को देखते हुए हँसने लगा …

सभी की आंखे फट रही थी ,जैसे कुछ समझ नही आ रहा हो की आखिर हुआ क्या …

“तुम सभी के कारण आज मेरी ये हालत हुई है.आज मैं सबसे अपना बदला लूंगा “

अचानक ही अमरीश के चेहरे का भाव बदला और वो अट्हास करने लगा.मेरे तो जैसे पैरों से जमीन ही खिसक गई थी.मुझे समझ आ चुका था की आखिर हमारे साथ क्या हुआ है.मैंने खड़े होने की कोशिश की लेकिन ..

धड़ाम ..

मैं जमीन में गिर गया थ. यही हालात चंपा और डॉक्टर की भी थी जिन्होंने खड़े होने की कोशिश की थी.मैं कुछ बोलने वाला था लेकिन लगा जैसे मुह खोलने तक की ताकत नही बची है.पूरा शरीर सुन्न पड़ने लगा था.जैसे पूरा शरीर पड़ा तो है लेकिन उसपर अब मेरा कोई भी काबू नही रह गया.मुझे सब दिखाई और सुनाई दे रहा था.मेने अपना सर घुमा कर चंपा की ओर देखना चाहा जो की मेरे पीछे ही जमीन में गिरी हुई थी लेकिन सर भी घुमा नही पाय.ठाकुर के इरादों की समझ मुझे आ चुकी थी और अपना अंत नजदीक ही दिख रहा था .कुछ ही देर हुए थे की कानो में आने वाली आवाजे भारी होती गई ऐसा लगा जैसे वो दूर जा रही है आंखे भी ना चाहते हुए बंद हो रही थी.उसे खोले रखने तक की ताकत मुझमें नही थी.आखिर सब कुछ धुंधला हो चुका था और बस एक सेकेंड की बात और सारी आवाजे और दृश्य गायब हो गयो ……….

ना जाने कितनी देर हो चुकी थी.मुझे लगा था जैसे मैं कभी आंखे नही खोलूंगा लेकिन मुझे होश फिर से आने लगा था.मुझे कुछ कुछ आसपास का आभास होने लगा था.आसपास कई लोगो की आवाजे आ रही थी जैसे बहुत भीड़ लगी हो.मैंने धीरे से आंखे खोलने की कोशिश की मैं सफल भी हुआ ,सामने ऊपर छत दिखाई दे रही थी.मैंने अपना गला मोड़ने की कोशिश की तभी किसी ने मेरे सर को अपने हाथो से उठाया ..

“ आराम से अभी कोई ताकत मत लगाइए आप ठीक है ..”

वो एक लड़की की आवाज थी मैंने देखा वो चेहरा मैंने पहले कभी नही देखा था लेकिन उस सौम्य से चेहरे में मुझे देखकर हल्की सी मुस्कान जरूर आ गई ,..

कुछ ही देर में मैं सामान्य हो चुका था और उस लड़की ने मुझे उठाकर बिठा दिया था …

“ये सब क्या हो रहा है “

मैंने उस लड़की से कहा जिसने एक डॉक्टर के कपडे पहने हुए थे

“आप ठीक है आपको नशे की कोई दवाई खिलाई गई थी. जिसके कारण आप बेहोश थे लेकिन अब आप होश में है ..”

मैंने नजर चारो ओर घुमाई सामने चंपा मुझे देखकर मुस्कुरा रही थी.वही डॉक्टर और धर्मराज भी होश में आ चुके थे और उन्हें भी डॉक्टर उठाकर बिठा रहे थे .बाकी के लोग अभी होश में नही आये थे जबकि त्रिवेदी जी होश में आकर कुर्सी में बैठे चाय की चुस्कियां ले रहे थे…वो डॉक्टर मुझे छोड़कर दुसरो के पास चली गई.

“ये सब क्या है त्रिवेदी और ठाकुर और चौहान कहा है “

त्रिवेदी मेरी बात सुनकर मुस्कुराया जिससे मैं और भी अचंबित हो गया.हम जैसे नया जन्म लेकर आये थे पता नही हम जिंदा क्यो थे ?क्योकि ठाकुर तो हमे मारने की योजना बना ही चुका था…

त्रिवेदी एक चाय का कप लेकर मेरे पास आ गया और मुझे दिया.

“थोड़ा रिलेक्स हो जाओ सर ,जवाब बाहर है,पहले चाय पी लो थोड़ा रिलेक्स हो जाओ फिर बाहर चलते है “

मैं बिना कुछ बोले चाय पीने लगा.वंहा कोई भी कुछ नही बोल रहा था. डॉक्टरो की टीम सभी के पास जाकर उनके नब्ज़ देख रही थी और उन्हें इंजेक्सन लगा रही थी. जिससे लोग फिर से होश में आ रहे थे.वही कमरे के बाहर मुझे और भी हलचल दिखाई दे रही थी.कुछ पुलिस वाले भी दिखे जिससे मेरी उत्सुकता और भी बढ़ रही थी.चंपा बिल्कुल ही रिलेक्स दिख रही थी वो आंखे बंद कर सोफे से टिकी हुई लेटी हुई थी हमारे बीच कोई भी बात नही हुई …

चाय खत्म कर मैं खड़ा होने की कोशिश करने लगा.त्रिवेदी ने मुझे थोड़ा सहारा दिया मैं अब अपने पैरों पर आराम से खड़ा था ..

हम बाहर आये और बाहर बरामदे पर पहुचते ही मैं फिर विस्मय से भर गया.चारो ओर बस पुलिस ही पुलिस दिख रही थी ,यंहा तक की कमिश्नर भी आये हुए थे…..

पास ही खड़ा एक सिपाही पंचनामा बना रहा था

“इधर दिखाओ “

मैंने उसके हाथो से वो पंचनामा पकड़ा ,मैं उसे पढ़ने लगा

“ये सब क्या ..ठाकुर और चौहान “

मैंने सिपाही को देखा

“जी सर दोनों कल रात आप लोगो को नशे की दवाई देने के बाद भारी शराब के नशे में छत से गिर कर मर गए. …सीसीटीवी फुटेज से पता चला की इन दोनों ने मिलकर ही लड्डू में नशे की दवाई डालकर आप लोगो को खिलाया था ”

मैं अभी उसे देख रहा था तो कभी त्रिवेदी को और कभी…. बरामदे में पड़े हुए उन दो लाशों को ……………...

बात साफ थी.पंचनामा बन चुका था.सभी इस बात को मान भी चुके थे लेकिन मेरा दिमाग अब भी इस बात को सही मानने को तैयार नही था…

अमरीश ठाकुर इतना भी बेवकूफ नही था की खुद ही अपने घर में सीसीटीवी कैमरा लगा कर अपने गुनाहों को रिकार्ड होने दे.वही वो इतना बड़ा बेवकूफ भी नही था की अपने हाथ में आया हुआ इतना बड़ा मौका यू ही छोड़ दे .उसके सारे दुश्मन उसके सामने ही थे,सभी लाचार थे वो हमारे साथ कुछ भी कर सकता था ,लेकिन किसी को कोई भी नुकसान नही हुआ था.मैं ये बात कैसे मान सकता था की अमरीश हमे बेहोश करने के बाद दो मंजिल चढ़कर छत में जाकर इतनी शराब पीता है की वंहा से गिर जाता है यही नही उसका दोस्त जो की एक मंत्री है वो भी ऐसी बेवकूफी कर डालता है……

मुझे इसके पीछे कोई बड़ी साजिश का आभास हो रहा था लेकिन मैं कुछ भी नही कर सकता था.क्योकि मुख्यमंत्री ने भी केस वही बंद करने की बात कह दी ,इसके ऊपर अब कोई और तहकिकात नही होनी थी ,ऐसे भी चीजे बिल्कुल साफ थी,ठाकुर के पास हमे बेहोश करने की मजबूत वजह भी थी और मंत्री को ऐसे भी ठाकुर के गुनाहों में बराबर का हिस्सेदार रहा था जिसका पता सभी को था. लेकीन ठाकुर के कारण कोई उसे कुछ बोलता नही था……..

मैं अपने घर के सोफे में बैठा हुआ यही सब कुछ सोच रहा था तभी …

“क्यो जिजाजी क्या सोच रहे हो ,मेरे ख्याल से शादी की तैयारी के बारे में ही सोच रहे होंगे ..”

गीता की खनखनाती हुई आवाज मेरे कानो में पड़ी..

मैंने आंखे खोली तो सामने गीता और चंपा थी ,शादी की बात सुनकर चंपा थोड़ी शर्मा गई थी…

ठाकुर को मरे सात दिन हो चुके थे,मैं और चंपा दोनों ही बेहद व्यस्त थी कारण था की ठाकुर की अन्टोष्ठी का कार्यक्रम.धर्मराज और गीता हवेली में रहने चले गए थे.वही चंपा भी उनके और कुसुम के साथ वही रह रही थी.डॉक्टर और मेरी भी वही रह रहे थे वो शहर वापस नही गए थे,आज चंपा और गीता ....चंपा के कपड़े लेने यंहा आये थे …

“कुछ नही बस आओ बैठो ना “

“मैं अपने कपड़े समेटती हु ...तू अपने और अपने जिजाजी के लिए चाय बना ले “

चंपा बेडरूम की ओर बड़ी

“अरे पूरे कपड़े ले जाने की क्या जरूरत है “

मैंने बैठे बैठे ही कहा

“जिजाजी अब तो ठाकुर नही रहे .फुलवा दीदी को दिए वचन का भार भी आपके ऊपर नही है ...तो ...तो अब चंपा दीदी आपके साथ इस घर में तभी रहेंगी जब आप बारात लेकर हवेली आओगे और शादी करके इन्हें यंहा लाओगे ,समझे तब तक के लिए मैं अपनी दीदी को ले जा रही हु “

गीता मुस्कुराते हुए रसोई की ओर चली गई

“ओह तो ये बात है …”

मैं भी मुस्कुराता हुआ अपने बेडरूम में गया जंहा चंपा अपने कपड़े एक बेग में डाल रही थी. मैंने उसे पीछे से जकड़ लीया

“अरे छोड़िए ना गीता आ जाएगी “

वो मेरी बांहों में ही मचली

“तुमने उस दिन कहा था की हवेली से वापस आते ही तुम्हारा श्रंगृार बिगाड़ दु लेकिन आज वापस आयी हो “

मैं उसके गले को चूमने लगा वो हल्के से हंसी और मेरी बांहों में कसमसाई

“क्या करू गीता और कुसुम मा ने आने ही नही दिया.और सुना ना गीता ने क्या कहा.अब तो सुहागरात में ही मेरे दुल्हन वाला श्रंगृार बिगड़ना बच्चू “

वो कसमसाते हुए मेरे पकड़ से अलग हो गई और मुझे चिढ़ाते हुए जीभ दिखाने लगी

“अच्छा जी…ऐसे एक चीज बताओ की हमारी शादी मे फुलवा और बलवीर आएंगे की नही “

मेरी बात सुनकर चंपा के चेहरे की हंसी गायब हो गई

“ये क्या बोल रहे हो “

“चंपा मैं इतना भी बेवकूफ नही हु ,अमरीश और चौहान ऐसे ही नही गिर सकते उन्हें किसी ने वंहा से प्लान करके गिराया है “

मेरी बात सुनकर वो थोड़ी मुस्कुराई

“आप और आपकी ड्यूटी बस हर समय यही चलते रहता है क्या.अगर आपको लगता की उन्हें फुलवा और बलवीर ने गिराया है तो ढूंढ लो उन्हें बात खत्म ...और अब कोई बहाने नही चलेंगे ठाकुर जा चुका है तो अब तुम्हे हमारी शादी के बारे में सोचना होगा.वरना रहना यू ही अकेले इस घर में.......और शादी से पहले मुझे छूने की सोचना भी मत ..”

वो इठलाते और मुस्कुराते हुए वंहा से निकल कर रसोई में जा घुसी ..

मुझे उसकी अदा पर बेहद ही प्यार आया. मेरे होठो में मुस्कान भी आ गई. लेकिन दिल के किसी कोने में एक टीस भी उठी की हो ना हो फुलवा और बलवीर अब भी जिंदा है. और उन्होंने ही ठाकुर को मारा है और मुझे लगता था की चंपा ही नही गीता ,धर्मराज,त्रिवेदी ,डॉक्टर यंहा तक की कुसुम भी इन सबमे शामिल थे ..

लेकिन मैं चाहते हुए भी कुछ नही कर पा रहा था.किसी नतीजे पर बिना सबूत के पहुच जाना मेरी फितरत भी नही थी ,और ठाकुर कोई दूध का धुला भी नही था की मैं उसको इंसाफ ना दिला पाने की वजह से दुखी फील करू ,लेकिन मुझे सच जानना था क्योकि यही तो मेरा काम था ....

ठाकुर को मरे हुए तीस दिन ही हुए थे की हवेली को दुल्हन की तरह सजाया गया ,वजह थी मेरी और चंपा की शादी …

चंपा का कन्यादान कुसुम कर रही थी और शादी के जश्न में कोई कमी नही आ जाए इसलिए दस दिन पहले से ही धर्मराज और डॉक्टर दिन रात लगे हुए थे ,मेरे माता पिता भी वहां आ चुके थे.उनके अलावा मेरी तरफ से और कोई नही आया था कोई था भी तो नही.मेरी बारात मेरे सरकारी मकान से हवेली तक गई…

मेरे माता पिता कुछ ज्यादा ही खुश लग रहे थे.जबकि मुझे लगा था की मेरी शादी की बात सुनकर उन्हें झटका लगेगा. लेकिन ऐसा नही हुआ बल्कि अब मुझे पता चला की मेरे माता पिता पहले से सभी को जानते थे और इस रिश्ते से बेहद ही खुश थे.वो लोगो से ऐसे मिल रहे थे जैसे उनका इनसे बहुत पुराना राब्ता रहा हो ..

त्रिवेदी ने मुझे बताया की पहले मेरे माता पिता जी के कारोबार के चाहते यंहा हवेली आया करते थे.इसलिए जब मेरी मा कुसुम से मिली तो गले मिलकर और गला फाड़कर रोने लगी.वही मेरे पिता जी जब धर्मराज ,डॉक्टर और त्रिवेदी से मिले तो बेहद ही आत्मीयता के साथ मिले..

इतने दिन हो गए थे मुझे यंहा काम करते लेकिन पिता जी ने कभी नही बताया था की उनका हवेली से और यंहा के लोगो से इतनी घनिष्ट जान पहचान थी.मेरे पिता जी ने बस ये कहा की ठाकुर अमरीश सही आदमी नही था और इसलिए तुझे कुछ नही बताया …

आखिर सब कुछ ठीक हो चुका था ….

मैं पूरी शादी यही इंतजार करता रहा की कही फुलवा और बलवीर मुझे दिख जाए लेकिन ऐसा नही हुआ उनकी कोई सुगंध भी मुझतक नही आई …….

हवेली का वो कमरा पता जो की बेहद ही बड़ा था.बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया था.कमरे के बीचों बीच एक गोलाकार बिस्तर था जिसपर मेरी दुल्हन सजी हुई और शरमाये हुए बैठी थी.उसके पास ही कुछ लडकिया भी बैठी थी जिनमे एक गीता थी बाकी सब उसकी सहेलीयां …

जाते ही वो मेरी टांग खिंचने लगी और मेरा पर्स खाली करवाकर ही दम लीया.वो लोग हसंते हुए बाहर भाग गई …

चंपा के साथ कई महीनों से मेरा जिस्मानी रिश्ता रहा था…हम साथ ही रहा करते थे लेकिन पता नही आज फिर भी मेरा दिल जोरो से धड़क रहा था.मे उसके पास ही बैठा हुआ था वो घूंघट में थी.जब मैंने वो घूंघट उठाया तो मैंने उसकी आंखों में आंसू देखे …

“तुम रो रही हो ..”

उसने नजरे उठाई.उसकी बड़ी बड़ी आंखे काजल के कारण और भी बड़ी लग रही थी.आंखों में अब भी पानी भरा हुआ था जो उसके साफ आंखों को और भी उजला बना रहा थे

“आज मुझे वो मिल गया जिसका मैंने इतने दिनों से सपना देखा था ,ये खुशी के आँसू है दुख के नही “

वो हल्के से मुस्कुराते हुए बोली और उसके इस भोलेपन में मैं अपना दिल हार बैठ.मेरे होठ उसके होठो के पास जाने लगे थे.उसकी आंखे बंद हो चुकी थी जब हमारे होठ एक दूसरे से मिले..

और कुछ ही देर में ही कमरे में बस चूड़ियों और सिसकियों की आवाजे ही फैल रही थी …………..

एक महीना बीत चुका था मेरे तबादले का आदेश आ चुका था और मेरे दिमाग से ठाकुर फुलवा और बलवीर की बकरठोकी भी अब निकल गई थी.

त्रिवेदी जी ने भी अपना रिटायर ले लीया था. और भी अब नए जगह जाने से पहले कुछ दिन के लिए कही घुमकर आने की फिराक में था.तो मैंने भी छुट्टी का आवेदन डाल दिया जो की मंजूर भी हो गया ....

मैंने चंपा को बता दिया था की मैं एक महीने की छुट्टी ले रहा हु .जब मैं घर आया तो माहौल ही अलग था.मेरे आते ही चंपा मुझसे लिपट गई .....

"अरे क्या हुआ "

"जिजाजी आप लोगो की लाटरी लगी है "गीता खुशी से झूम रही थी

"क्या ???"

मैं चौका

"हा आपको याद है हमने कुछ दिन पहले ही एक ट्रेवल एजेंसी की लाटरी ली थी मॉल से "

चंपा ने मुझे याद दिलाया ,एक शाम हम माल घूमने गए थे और वंहा एक काउंटर में नए खुले एक ट्रेवल एजेंसी वाले लॉटरी बेच रहे थे,लक्की विनर को कनाडा का ट्रिप फ्री था ..

"हा याद आया तुमने वो खरीदी थी राइट!क्या नाम था एजेंसी का ??"

मैं याद करने की कोशिश करने लगा

"मिस एंड मिस्टर सिंह ट्रेवल एजेंसी ..हम वो जीत गए "

चंपा के चेहरे पर खुशी थी साथ ही मैं भी खुश हो गया

“वाओ क्या बात है आज ही मेरी छुट्टी भी मंजुर हो गई ऐसे कब निकलना है ..और कितने दिन का ट्रिप है “

“वही 10 दिन 10 रात का ,और हमे आज ही रात को निकलना होगा “

अब ये प्रॉब्लम आ गई

“लेकिन वीसा वगेरह “

मैंने अपनी दुविधा बताई

“ओहो जिजाजी डोंट वारी पासपोर्ट रेडी था तो वीसा का जुगाड़ डैडी ने कर दिया है.आज रात मुम्बई के लिए निकलो वंहा से कल सुबह की फ्लाइट है “गीता की बात से मैं ताज्जुब में पड़ गया लेकिन फिर मुझे याद आया की ठाकुर धर्मराज के भी बहुत कनेक्शन्स है …

जब हम वंहा पहुचे तो एक बड़ी सी गाड़ी हमारे स्वागत के लिए लग गई थी ,वंहा से हमे एक होटल ले जाया गया ,जंहा हमे बताया गया की ट्रेवल कंपनी के मालिक मिस्टर और मिसेज सिंह पर्सनली हमसे मिलने आने वाले है ,

मुझे ये सब थोड़ा अजीब जरूर लग रहा था लेकिन मैंने सोचा की हो सकता है की क्लाइंट रिलेशन शिप मेंटेन करने के लिए ये सब किया जा रहा होगा…

हम सफर से बहुत ही थक चुके थे तो हमने भी आराम करने की सोची ..

शाम होने पर हम होटल के एक हिस्से में गए जंहा हमसे मिसेज और मिस्टर सिंह मिलने वाले थे,l.मैं नार्मल टीशर्ट जीन्स में था वही चंपा ने फूलों वाली एक स्कर्ट डाल रखी थी .हमारे टेबल से नजारा बेहद ही शानदार दिख रहा था ,सामने समुंदर था और ठंडी हवाओ का सुकून भी …

मैं चंपा का हाथ पकड़े हुए कुछ बैठा हुआ समुंदर को ही देख रहा था .

“यार ये लोग कितने समय आएंगे ,मैं वाशरूम से आती हु “

चंपा मुस्कुराते हुए वंहा से चली गई..

मैं अब भी समुद्र को देख रहा था. साथ ही मैंने दो विस्की के ऑर्डर भी दे दिए ,ऐसे सुनहरे मौसम में और सुकून भरे जगह में बैठकर विस्की पीने का आनंद ही कुछ और था ..

मैं आराम से चुस्कियां ले रहा था ,5 मिनट ही हुए थे की चंपा वापस आकर मेरे पास बैठ गई …

उसने मेरे हाथो में अपना हाथ रखा ..

“वो लोग अभी तक नही आये ना “

उसकी आवाज सुनकर मैंने उसकी ओर देखा ,वो मुझे मुस्कुराते हुए देख रही थी ,उसकी प्यारी सी मुस्कुराहट को देखकर मैं भी मुस्कुरा उठा ……

मैं उसे बहुत ही बारीक नजरो से देख रहा था. हमारी आंखे मिल गई और मेरी मुस्कुराहट और भी गहरी हो गई

“क्या हुआ “

उसने मुझे यू देखता पा कर कहा

“मुझे पता था और अब यकीन हो गया है “

उसने मुझे थोड़े आश्चर्य से देखा

“किस बात पर ..”

मेरे होठो की मुस्कान और भी गहरी हो गई

“की तुम दोनों जिंदा हो “

उसने मुझे अजीब निगाहों से देखा

“तुम ठीक तो हो,क्या हो गया है तुम्हे “

उसकी बात सुनकर मैं जोरो से हँस पड़ा

“अब बहुत हो गया फुलवा ,अब मैं अपनी जान को आंखे बंद करके भी पहचान सकता हु “

मेरी बात सुनकर उसके होठो में भी मुस्कान खिल गई जो और भी चौड़ी हो गई ..

“बलवीर कहा है ??”

उसने मेरे सवाल का कोई जवाब नही दिया बल्कि हाथ से एक ओर इशारा किया ,उधर से चंपा और बलवीर चलते हुए आ रहे थे दोनों के होठो में मुस्कान थी ,चंपा और फुलवा ने

एक ही ड्रेस एक ही तरीके से पहन रखी थी ,

बलवीर पूरे सूट बूट में था. उसका धाकड़ शरीर पर वो कपड़े कसे हुए थे वो कोई बड़ा बिजनेसमैन ही लग रहा था …

‘‘तुम जीत है इसने तो मुझे देखते ही पहचान लीया ‘‘

फुलवा की बात सुनकर चंपा खुशी से उछल पड़ी

‘‘देखा मैंने कहा था की मेरा सुमित अब धोखा नही खायेगा ‘‘

वो आकर मुझसे लिपट गई ,वही थोड़ी देर बाद ही बलवीर ने मेरे तरफ हाथ बढ़ाया और मेरा हाथ खिंचते हुए अपने सीने से लगा लीया ,

‘‘कितने दिन से मैं तुम्हे अपने सीने से लगाना चाहता था भाई ‘‘

उसकी बात सुनकर मैं थोड़ा चौका जरूर लेकिन ज्यादा ध्यान नही दिया

अब हम चारो आराम से वंहा बैठे अपना ड्रिंक इंजॉय कर रहे थे ..

‘‘मुझे तुम लोगो से बहुत कुछ पूछना है’’

आखिर मैं अपने को कब तक रोक पाता ..

‘‘अरे पूछ लेना यार ,मेरी बहन इतने दिनों बाद मुझे मिली है थोड़ी बात तो करने दो ‘‘

फुलवा ने मुझे झड़पा और चंपा हँस पड़ी

‘‘ऐसे तुम्हारे लिए कई सरप्राइज है हमारे पास ‘‘

चंपा ने मुझे चिढ़ाते हुए कहा

“तू तो मुझे रात में मिल “

मैंने उसे तिरछी निगाहों से देखा और वो थोड़ी शर्मा गई लेकिन तुरंत ही मुझे अपना जीभ दिखा गई ..

थोड़ी देर तक चंपा और फुलवा दुनिया जहान की बाते करते रहे.वही बलवीर के मुझे एक अजीब बदलाव दिख रहा था वो मुझे बड़े ही प्यार से देख रहा था …

कुछ देर के बाद मैं फिर से फुट पड़ा

“अब तुम दोनों का हो गया हो तो ये तो बता दो की ठाकुर को तुमने कैसे मारा ?? मेरा तो सोच सोच कर ही सर दर्द हो गया है ,और इतनी ऊँचाई से गिरने के बाद तूम दोनों बच कैसे गए ,जबकी मेरी गोली भी तो तुम्हे लगी थी …???”

मेरी बात सुनकर फुलवा थोड़ा मुस्करा दी …

तभी एक वेटर वंहा ड्रिंक लेकर आया

“इसे पहचानते हो “फुलवा ने वेटर के तरफ इशारा किया

“सलाम साहब ..”

ऐसे तो वेटर पूरे कोर्ट टाई पहने हुए था लेकिन जब वो हंसा तो तम्बाकू से लाल हुए दांत दिख ही गए

“ह्म्म्म तुम्हारे ही गैंग का मेंबर है ,यानी सब को यंहा बुला लीया है ,इतना कुछ कर लीया तो इसके दांत भी साफ करवा देती “

मेरी बात सुनकर सभी हँस पड़े

“दो दिन बाद ही अपॉइमेन्ट है साहब डेंटिस्ट के पास,जेल से छूटकर सीधे यंहा ही आ गया “

वो फिर से दांत दिखता हुआ वंहा से चला गया

“तुमने मेरे सवाल का जवाब नही दिया फुलवा “

फुलवा ने अंगड़ाई ली

“तुम्हे समझ जाना चाहिए की हम सबने मिलकर ये किया है “

“हा इतना तो समझ आ ही गया लेकिन कैसे ??”

वो फिर से मुस्कुराते हुए मुझे देखने लगी ..

“जब तुमने वंहा मुझे घेरने की योजना बनाया और ठाकुर के लोगो को भी बुलाया तो,हमे ये पहले से पता था की तुम छूटते ही ऐसा कुछ करोगे,और जिंदा रहते हुए मैं ठाकुर तक नही पहुच पा रही थी तो मरना ही मैंने भी मरना ही ठीक समझा.चंपा ने मेरे भेस में जाकर तुम्हे छुड़ा लीया ,तुमने सोचा था की पुलिस काफी नही होगी तो ठाकुर के लोग नीचे हो घेर कर रखेंगे ,और तुमने उन्हें भी बुला लिया.तुम्हारे प्लान बनाते समय मैं वही मौजूद थी तुमसे थोड़ी ही दूर में ,त्रिवेदी जी और डॉक्टर के पास रखे माइक से तुम्हारी हर बाते सुन रही थी ,मुझे पता था की युवराज कभी भी नीचे बैठ कर मुझे गिरफ्तार होने नही देगा वो ऊपर आकर मुझे मारना चाहेगा.

हमने इसी बात का फायदा उठाया ,प्लान तो मेरे और बलवीर के मारने का और ऊपर से गिरने का पहले ही बन चुका था.तो नीचे सारे इंतजाम कर दिए गए थे,खाई के नीचे हमने जाल और पेड पहले भी बिछा दिए गए थे.हमने इसकी एक दो बार प्रेक्टिस भी कर ली थी ताकि समय आने पर हम परफेक्ट लैंडिंग कर सके …

अब जब युवराज ऊपर जा रहा था तो तुम्हारे जाने के बाद मैं फिर से डॉक्टर ,त्रिवेदी जी और चंपा से मिली ,त्रिवेदी जी ने मुझे बताया की तुम उनकी ही गन अपने साथ ले गए हो जिसमे नकली गोलीयां उन्होंने पहले से ही भर कर रखी थी,बस बात युवराज की थी की उसका क्या करना है ,वो अपनी असली गोली ही चलाएगा इसलिए हमने फैसला किया की उसके आने तक और अटैक करने तक मैं सुमित से बच कर रहूंगी जबकि बलवीर ऐसी जगह खड़ा होगा जंहा से उसको गोली मारने से रोका जा सके ,और फिर मैं अपनी गोलीयां उसके ऊपर उतार दूंगी ,बदले में तुम्हारे पास कोई चारा नही बचेगा मुझे गोली मारने

के.मुझे गोली लगेगी जो की नकली गोलीयां होंगी और मैं नीचे गिरूँगी और साथ ही बलवीर भी मेरे पीछे कूद जाएगा ,बस वही हुआ बात खत्म ……..”

ऐसे तो मेरे होठो पर मुस्कान थी लेकिन मैं अपने काम का पक्का इंसान था अगर ये इंडिया होता तो मैं अब तक इन्हें गिरफ्तार कर चुका होता ,मैंने एक गहरी सांस ली ,साले सब ने मिलकर मुझे अच्छा बेवकूफ बनाया था ……..

“और ठाकुर ..??”

“हम्म ठाकुर ..हमने बहुत सोचा की आखिर उसे कैसे मारा जाए,तब तक बलवीर छिपकर वही था और ठाकुर के ऊपर नजर रखे था लेकिन वो हवेली में घुसकर उसे नही मार सकता था ..”

“ हमे पता चला की ठाकुर घर में पूजा कर रहा है और सभी को बुलाया है.अब ठाकुर इतना शरीफ हो जाए और सभी से दोस्ती करने की सोचे ये तो अजीब बात थी वो भी अपने बेटे के मरने के बाद ...नही ऐसा तो नही हो सकता था हा ये जरूर हो सकता था की वो सबसे बदला लेना चाहता हो और कोई षडयंत्र कर रहा हो ,तो बलवीर को हवेली में घुसना ही पड़.वंहा कुछ लोग हमारे वफादार थे जो की कुसुम मौसी के लोग थे और कुछ बलवीर और मेरे बचपन के दोस्त थे.वो हमारा बहुत साथ तो नही दे सकते थे लेकिन उनकी मदद से हवेली में घुसा तो जा सकता था. बलवीर और कुसुम मौसी ने मिलकर पता लगाया की आखिर ठाकुर करने क्या वाला है,कुछ पता नही चला सिवाय इसके की मंत्री चौहान ठाकुर से एक दिन पहले मिलने आया था ,अमरीश ने अपनी सुरक्षा बड़ा रखी थी और कुसुम को भी अपने पास नही फटकने दे रहा था ,तो हमारा टारगेट था चौहान …

चौहान रसिक आदमी था और ये हमारे लिए एक अच्छी बात थी ,उसकी एक पुरानी रखैल थी जिसका उसके घर रोज का ही आना जाना था हमने उसे पकड़ा ,अच्छे पैसे दिए ताकि वो चौहान को अच्छे से दारू पिलाये और डॉक्टर बॅनर्जी और उसकी असिस्टेंट को वंहा आने दे बस…

डॉक्टर बॅनर्जी ने जाकर उस इंजेक्शन का प्रयोग किया जो पुलिस वाले कैदियों से सच बुलवाने के लिए प्रयोग में लाते है और साले ने सब कुछ उगल दिया.उसे सुबह याद भी नही

था की उसने क्या किया था.सुबह सब कुछ ठाकुर के प्लान के मुताबिक ही होने दिया गया ,सभी को उसने दवाई खिलाई और बेफिक्र हो गया ,दोनों ही आराम से बैठे अपने जीत का जश्न मना रहे थे लेकिन उन्हें पता नही था की बलवीर काल बनकर छत में उनका इंतजार कर रहा था.

अमरीश और चौहान चंपा और गीता से अपनी हवस मिटाने के फिराक में थे तभी बलवीर वंहा आ धमका .उसे देखकर ऐसे भी दोनों का पेंट ही गीला हो गया था क्योकि उन्होंने सोचा था की जब सब ही बेहोश है तो उन्हें किसी बॉडीगार्ड की जरूरत नही है उन्होंने सभी को बाहर भेज दिया था ,और बलवीर ने वही किया जो उसे करना था पहले उन्हें बांध कर छत में ले गया वंहा बिठाकर अच्छे से दारू पिलाई और फिर छत से फेक दिया ,और रात में ही वंहा से निकल कर यंहा आ गया ………..''

फुलवा की बात से वंहा शांति सी छा गई थी,फुलवा ने थोड़े देर रुककर फिर से बोलना शुरू किया

''मैं उसे अपने हाथो से मारना चाहती थी लेकिन क्या करे सभी चीजे अपने हाथो में तो नही होती ,ऐसे मुझे खुशी है की मेरे बलवीर ने ये काम पूरा किया ''

उसने मुस्कुराते हुए बलवीर की ओर देखा ,बलवीर भी मुस्कुराते हुए उसे ही देख रहा था

''तुम दोनों खूनी हो ,मैं तुम्हे इसकी सजा दिलाकर रहूंगा ''

मेरा पुलिसिया जमिर ना जाने कैसे फिर से जाग गया था

लेकिन वो दोनों हंस पडे

''मरे हुए लोगो को कैद नही किया जाता इंस्पेक्टर बाबू ..''

फुलवा जोरो से हंसी और साथ ही चंपा भी. मुझे अब चंपा पर गुस्सा आ रहा था क्योकि वो भी फुलवा के साथ हँस रही थी ,ऐसे वो भी तो इस खेल में शामिल थी ….

''तुम बहुत ही ईमानदार हो सुमित.ऐसे ईमानदारी हमारे खून में है हमारे पिता ठाकुर के ईमानदार थे.मैं फुलवा का और तुम पुलिस के ''

बलवीर ने मुस्कुराते हुए मुझे देखा लेकिन उसकी बात सुनकर मैं बहुत ही बुरी तरह से चौका था..

“क्या ..ये क्या बक रहे हो ??”

मैंने अपना सर झटका

लेकिन वो ही नही बल्कि चंपा और फुलवा भी मुस्कुरा रहे थे ..

“ये सच है सुमित ,संग्राम सिंह ही प्रवीण शर्मा है..”

चंपा की बात सुनकर मैं कुछ देर के लिए उस समय में खो गया जब मेरे पिता और माँ शादी के समय हवेली गए थे.वो सभी से इतनी आत्मीयता से मिल रहे थे

मैं बलवीर को देख रहा था उसकी आंखों में आंसू था..

“ये बात मुझे भी नही पता थी भाई लेकिन पिता जी से मर संपर्क तब से था जब उन्होंने ठाकुर का काम छोड़ शहर जाने का फैसला किया.तब तुम छोटे थे और हमारी नानी के पास रहते थे,तुम्हे कभी भी हेवली नही लाया गया था क्योकि मा नही चाहती थी की तुमपर इन सबका साया पड़े ,और तुम्हारे ही भविष्य के कारण मा के पिता जी को ठाकुर का काम छोड़ने को मनाया था…...शहर जाने के बाद पिता जी ने अपना नाम बदल दिया और एक आम इंसान की जिंदगी जीने लगे,वही तुम्हारी परवरिश हुई,लेकिन पिता जी मेरे संपर्क में थे,उन्होने बताया की मेरा भाई यानी तुम पुलिस में चले गए हो और तुम भी हमारी ही तरफ अपने काम के प्रति बेहद ही वफादार हो.

लेकिन वक्त को ना जाने क्या मंजूर था कि तुम्हारी पोस्टिंग हमारे थाने में हो गई ,बहुत दिनों तक तो मुझे भी नही पता था की मेरा भाई ही थाने का वो पुलिस वाला है जिसपर फुलवा फिदा हो गई है ,लेकिन फिर जब मेरी पिता जी से बात हुई तो मुझे पता चला की तुम ही मेरे भाई हो ये बात मैंने फुलवा को बताई और तब उसे अपने और तुम्हारे जिस्मानी रिश्ते पर बड़ा ही दुख हुआ लेकिन फिर उसने चंपा को यंहा लाने का फैसला किया ,बाकी का तो तुम जानते ही हो ….”

मैं बलवीर की बात सुनकर किसी और ही दुनिया में पहुच गया था

‘‘लेकिन मुझे इन सबका पता कैसे नही चला ‘‘

मैं जैसे अपने ही आप से पूछ रहा था

‘‘पता कैसे चलता सर जी हमने पता चलने ही कहा दिया ‘‘

ये आवाज मेरे पीछे से आ रही थी ,जिसे मैं इतने अच्छे से जानता था की आंखे बंद कर भी पहचान सकता था ,मैं पीछे मुड़ा

‘‘तो आप भी यही है त्रिवेदी जी ‘‘

त्रिवेदी हंसते हुए आया पास आया ,मैं बलवीर को और बलवीर मुझे देख रहा थे.अचानक ही हम दोनों जोर से गले मिल गए और वही त्रिवेदी ने एक सीट पकड़ कर बैठ गए थे ..

‘‘ओहोहो कितना मधुर मिलन है ,इसी बात में थोड़ी दारू हो जाए फुलवा बेटी ‘‘

त्रिवेदी की बात सुनकर फुलवा ने मुस्कुराकर पास खड़े एक वेटर को इशारा किया

‘‘अच्छा बेवकूफ बनाया आप लोगो ने ,पापा तो पापा मा ने भी भनक नही लगने दी ‘‘

मैं जैसे खुद से ही बोल रहा था लेकिन मेरे दिल और चेहरे में बस खुशी ही खुशी थी

‘‘अरे सर अगर आप को बता देतो तो क्या आप ये सब होने देतो,संग्राम भी जानता था और हम भी की उसका खून कभी अपने काम से गद्दारी नही करेगा ,सब सच जानते हुए भी आप अपने काम की ईमानदारी के कारण फुलवा और बलवीर को सलाखों के पीछे पहुचाने में लगे रहते और इसका फायदा वो ठाकुर उठा ले जाता ...तो कहते है ना की अंत भला तो सब भला और जय हो संग्राम सिंह और जय हो बलवीर सिंह ‘‘

त्रिवेदी ने सामने रखा एक पैक एक ही झटके में अपने गले से उतार लीया …

.... समाप्त ....